# जूनियरों से मारपीट का आरोप

## एमजीएम मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग का मामला उजागर हुआ




**इंदौर, 21 दिसंबर. एमजीएम मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. कॉलेज प्रशासन को मिले एक गुमनाम पत्र में जूनियर छात्रों ने सीनियरों पर निजी फ्लैट में ले जाकर मारपीट, धमकाने, जबरन शराब पिलाने और नाचने के लिए मजबूर करने जैसे आरोप लगाए हैं.**

जांच में मामला सही पाए जाने पर डीन ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश. कॉलेज प्रशासन सूत्रों ने बताय कि यह घटना 2025 बैच के जूनियर छात्रों से जुड़ी है, जिन्होंने बताया कि 2024 बैच के सीनियरों ने उन्हें शहर के एक निजी फ्लैट पर बुलाया. यहां उनके साथ मारपीट की गई, धमकाया गया और शराब पीने के लिए दबाव बनाया. आरोप है कि विरोध करने पर छात्रों से जबरदस्ती नाचने को भी कहा. गौर करने वाली बात यह है कि आरोपियों में वे दो सीनियर भी शामिल हैं, जिन पर 18 नवंबर की रैगिंग की घटना में कार्रवाई करते हुए कॉलेज ने एक माह का निलंबन लगाया था. फिर भी रैगिंग का सिलसिला नहीं रुका.

शिकायत ऑनलाइन यूजीसी पोर्टल पर नहीं, बल्कि कॉलेज प्रशासन को एक गुमनाम पत्र के रूप में मिली. शिकायत मिलते ही एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच शुरू की और सीनियर व जूनियर छात्रों के बयान अलग-अलग दर्ज किए. कमेटी की जांच में लगाए गए आरोप सही साबित हुए. सूत्रों के अनुसार, पीड़ित जूनियरों में शहर के एक वरिष्ठ डॉक्टर का बेटा भी शामिल है. बयान दर्ज करते समय कई छात्र इतने डरे हुए थे कि खुलकर जानकारी देने में हिचकिचा रहे थे. मामले में डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया का कहना हैं कि रैगिंग के इस मामले को गंभीरता से लिया है.

## आधार कार्ड दिखाकर अवंतिका द्वार से दर्शन सुविधा मिलेगी

**उज्जैन.** नगर वासियों के लिए सुलभ दर्शन व्यवस्था के लिए बाबा महाकालेश्वर मंदिर में पूर्व में सर्व सुविधा युक्त निःशुल्क दर्शन व्यवस्था अवंतिका द्वार जो कि प्रशासनिक कार्यालय के पास मौजूद था वर्तमान में बाबा महाकालेश्वर मंदिर में निर्माण कार्य के कारण यह अवंतिका द्वार प्रमुख मुख्य द्वार महाकाल मंदिर जहां से बाबा महाकाल की सवारी का प्रस्थान होता है वहीं से शहर वासियों के लिए अवंतिका द्वार को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है. महापौर ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि अपना आधार कार्ड दिखाकर बाबा महाकाल के दर्शन प्रमुख मार्ग महाकाल मंदिर से अवंतिका द्वार से दर्शन लाभ सुविधा प्राप्त करें.

# रतलाम समावेश विकास की नई गाथा लिखेगा




**रतलाम, 21 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार का 2 वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर रविवार को रंगोली सभागृह में भाजपा का विधानसभा सम्मेलन आयोजित हुआ.**

सम्मेलन में देश के सबसे महत्वपूर्ण कार्य एसआईआर के साथ भाजपा के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई. इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी का प्रदर्शन भी किया गया. संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पहले के मध्य प्रदेश और आज के मध्यप्रदेश में जमीन-आसमान का अंतर है. 2003 से 2025 तक बहुत कुछ बदल गया है. कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का 2 वर्षीय कार्यकाल विकास और सेवा को समर्पित रहा है.

2 वर्षों के दौरान प्रदेश में बहुत काम किए गए है. हाल ही में इंदौर मेट्रो पॉलिटन रीजन में रतलाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिना मांग के ही शामिल किया है, जो उनका रतलाम के प्रति विशेष लगाव को दर्शाता है. इस रीज़न में रतलाम का शामिल होना विकास की नई गाथा लिखेगा. जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डे ने कहा कि अटल जी का जन्मदिवस 25 दिसंबर को गौरव दिवस के रूप में मनाएं. आरंभ में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण देते हुए अब तक हुए एसआईआर के कार्य की जानकारी दी. उन्होंने 25 दिसंबर को हर बूथ पर अटल जी की जयंती का आयोजन करने का आह्वान किया.

# एमबीबीएस की छात्रा ने लगा ली फांसी

### मोबाइल में मैसेज टाइप किया पुलिस जांच में जुटी

**शहडोल, 21 दिसंबर. बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल की एमबीबीएस की फाइनल ईयर की छात्रा ने रविवार तड़के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.**

घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है. प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या का कारण मानसिक तनाव माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पुलिस के अनुसार, मेडिकल कॉलेज शहडोल में अध्ययनरत 25 वर्षीय छात्रा शिखा बैगा, पिता सोहनलाल बैगा की मौत फांसी लगाने से हुई है. रविवार सुबह जब उसकी बहन कमरे में पहुंची तो शिखा को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया. सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने छात्रा के कमरे से मोबाइल और टैबलेट जब्त किए हैं. जांच में सामने आया है कि छात्रा ने अपने ही नंबर पर एक संदेश टाइप किया था, जिसमें उसने अपने माता-पिता से माफी मांगते हुए अगले जन्म में भी उन्हें माता-पिता बनाने की बात लिखी है. संदेश में पढ़ाई को लेकर मानसिक उलझन और तनाव का उल्लेख भी है.

### कराई थी काउंसलिंग

बताया गया कि शिखा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी. रविवार को अवकाश होने के कारण वह शनिवार दोपहर पिता के साथ घर आई थी. इससे पहले करीब दो माह पूर्व कॉलेज में भी उसने आत्महत्या का प्रयास किया था. उस समय रूममेट्स की सूचना पर कॉलेज प्रबंधन ने हस्तक्षेप कर उसकी काउंसलिंग कराई थी और परिजनों को भी अवगत कराया था.शिखा के पिता सोहनलाल बैगा रेलवे में लोको पायलट के पद पर पदस्थ हैं. उन्होंने बताया कि उनकी पांच बेटियां हैं, जिनमें शिखा दूसरे नंबर की थी.

## कलेक्टर ने जिले में कक्षा 8वीं तक स्कूलों का समय बदला

**भिण्ड.** जिले में लगातार गिरते तापमान और शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया है. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भिण्ड किरोड़ी लाल मीणा द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं. जारी आदेश के अनुसार भिण्ड जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की सुबह संचालित कक्षाएं अब प्रातः 9 बजे से शुरू होंगी.

# ट्रेन में हेड कांस्टेबल ने यात्रियों के साथ करवाई डिलीवरी

### महिला यात्री को हुआ था लेबर पैन, बेटी को दिया जन्म



**रतलाम, 21 दिसंबर. रेल में यात्रा के दौरान एक महिला यात्री को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. इससे ट्रेन में हडकंप की स्थिति बन गई. महिला यात्री गाड़ी संख्या 20941 (बांद्रा गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस) ट्रेन में सवार उत्तर प्रदेश तक की यात्रा कर रही थी.**

गुजरात के वासी से यात्रा के लिए बांद्रा गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. स्थिति गंभीर होने पर ट्रेन में बैठे यात्रियों द्वारा शोर मचाया गया कि महिला को लेबर पैन हो रहा है तुरंत ऑन ड्यूटी महिला हेड कांस्टेबल पहुंची और यात्रियों के साथ मिलकर डिलीवरी करवाई. ट्रेन के भीतर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया और किरण ने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया. प्रसव को देखते हुए ट्रेन करीब 31 मिनट से अधिक समय तक रतलाम स्टेशन पर रुकी रही.

इस दौरान यात्रियों और रेल स्टाफ के बीच भी राहत का माहौल देखने को मिला. महिला के पति ने बताया कि वह वापी से मजदूरी कर गाजीपुर लौट रहे थे, तभी ट्रेन रतलाम स्टेशन पर पहुंची तो अचानक से उनकी पत्नी को लेबर पेन शुरू हुआ जिसकी सूचना महिला कांस्टेबल को दी गई और उनकी ही सूझबूझ से डिलीवरी कराई गई है. जानकारी के अनुसार मां और नवजात बच्ची को रतलाम के एमसीएच में भर्ती कराया गया हैं. दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं.

उत्तर प्रदेश के ताड़ीघाट गाजीपुर निवासी गर्भवती किरण अपने पति दीपुरम के साथ वापी से गाजीपुर जा रही थी. रतलाम के पास पहुंचते ही किरण लेबर पेन हुआ तो पति और यात्रियों ने शोर मचाया. ऑन ड्यूटी महिला हेड कांस्टेबल शिवानी इंजन के पास वाले जरनल डिब्बे में गई, और जिसके बाद अन्य महिला यात्रियों के साथ मिलकर ट्रेन के भीतर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया. किरण ने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया. प्रसव को देखते हुए ट्रेन करीब 31 मिनट से अधिक समय तक रतलाम स्टेशन पर रुकी रही.

### एक नजर में

## जिला कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**झाबुआ.** हाल ही में केंद्र में बैठी भाजपा समर्थित सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों किसानों गरीब तबके के मजदूर वर्गों के साथ कुठाराघात करते हुए 20 वर्ष पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा देश के करोड़ मजदूर वंचित लोगों के लिए महात्मा गांधी रोजगार गारंटीकृत अधिनियम योजना मनरेगा लागू की थी हाल ही में मोदी सरकार ने योजना का स्वरूप बदलने के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम भी बदल दिया गया जिसका पूरे देश में विरोध हो रहा है. 21 दिसंबर को स्थानीय बस स्टैंड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जिले भर के कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया है धरना प्रदर्शन के पूर्व समस्त कांग्रेस नेताओं पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि 20 साल पहले डॉक्टर मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था खास तौर पर वंचित शोषित गरीब और अति गरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना रोजगार के लिए अपनी माटी अपना गांव अपना घर परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी रोजगार का कानूनी हक दिया गया साथ ही ग्राम पंचायत को ताकत मिली मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम कांग्रेस सरकार ने उठाया था आज मोदी सरकार उनके सपनों को चकना चूर- करने पर तुली हुई है जिसका कांग्रेस पार्टी पूर्जोर से विरोध करती है.

## नियम तोड़ने वाले किसानों को तत्काल हटाया

**जबलपुर.** कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित जैविक हाट में नियमों के उल्लंघन पर कृषि विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. चौथे रविवार को लगे जैविक हाट के दौरान कुछ किसान अजैविक उत्पाद बेचते पाए गए, जिन्हें मौके पर ही हाट से हटा दिया गया. उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम ने स्पष्ट किया कि जैविक हाट में केवल प्रमाणित और वास्तविक जैविक उत्पादों की ही बिक्री की अनुमति दी जाएगी. उन्होंने सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जैविक किसानों के पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया को तेज किया जाए. इसके लिए किसानों का नाम, ग्राम, मोबाइल नंबर और फोटो सहित सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और उपभोक्ताओं का विश्वास बना रहे. आयोजन के दौरान कृषि विभाग का समस्त अमला मौजूद रहा और निगरानी में जैविक उत्पादों का विक्रय कराया गया. जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जबलपुर कृषि उपज मंडी परिसर में लगातार चौथे रविवार जैविक हाट का आयोजन किया गया. हाट में जैविक किसानों के उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई. इस बार जैविक हाट में हरा मटर बड़ी मात्रा में लाया गया. इसके साथ ही पालक, गोभी, मेथी, सरसों, लौकी, गिलकी, भटा सहित कई हरी सब्जियों की अच्छी आवक रही. चावल, दाल, गुड़ और मूंग जैसे जैविक उत्पाद भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए गए.



## उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का इंदौर एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया.

# ब्लॉक अध्यक्षों की सूची पर कार्यकर्ता नाराज

### शिवपुर जिले में सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**शिवपुरी, 21 दिसंबर. कांग्रेस ने हाल ही में सूची जारी कर शिवपुरी जिले में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की है. करैरा विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है.**

पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष बनाया है. जिला महासचिव नवाब सिंह का कहना है कि जिले से करैरा में नवीन ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी हुई है. इस सूची में भाजपा के लोगों को ब्लॉक की जिम्मेदारी दी गई है. जबकि कई सालों से हमारे कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं, उन्हें छोड़ दिया गया है. ऐसे लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, जो कभी भी कांग्रेस की मीटिंग में नहीं आए. भाजपा के मंचों पर बैठते थे, वे आज कांग्रेस की जिम्मेदारी संभालने आए हैं. पूर्व विधायक प्रागीलाल ने जो जिलाध्यक्ष को सूची दी थी, वही पास कर दी गई है. प्रागीलाल, भाजपा के लोगों का समर्थन कर रहे हैं.



भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव और वे दोनों एक जगह बैठकर काम करते हैं. एक-दूसरे का साथ दे रहे हैं. इसलिए भाजपा के लोगों को कांग्रेस में स्थान मिला है. कांग्रेस की बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ नारे बुलंद कर दिए. बैठक में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रावत, पूर्व किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह फौजी, करैरा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डीपी श्रीवास्तव, नरवर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कालूराम कुशवाहा, करैरा ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह गुर्जर, करैरा के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र भार्गव, आदि मौजूद रहे.

# ज्वेलर से 40 लाख रुपए सोने की ठगी

### अस्पताल से महिला का हार और मोबाइल चोरी

**इंदौर, 21 दिसंबर. शहर में चोरी और ठगी की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं. सराफा बाजार में ज्वेलर को आधा किलो सोना खरीदने के नाम पर 40 लाख का माल देकर चकमा दे दिया गया. इसी क्षेत्र में दुकान पर पहुंची महिला का सोने का हार गायब हो गया.**

वहीं, लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल में कर्मचारी की काउंटर से मोबाइल चोरी कर आरोपी फरार हो गए. तीनों प्रकरणों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि क्षेत्र में मुकेश पिता मुरारीलाल अग्रवाल निवासी ऊषा नगर ने पुलिस को बताया कि शांतिलाल सावरिया निवासी शक्कर बाजार ने आधा किलो सोना खरीदने के सौदे में 20 लाख रुपए नकद देकर बाकी 40 लाख रुपए दुकान से देने का भरोसा दिलाया था. 28 नवंबर को कर्मचारी हरेराम और वरुण सोना लेकर आरोपी की दुकान पहुंचे तो शांतिलाल ने सोना तिजोरी में रखने और रकम लाने की बात कही. काफी देर तक इंतजार के बाद कर्मचारियों ने देखा कि आरोपी दुकान के पीछे बने दूसरे दरवाजे से सोना लेकर फरार हो चुका है. पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी ने करीब 56 दिन पहले ही दुकान किराए पर ली थी. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. इसी तरह सराफा क्षेत्र में शनिवार को एक और वारदात हुई. कोयला बाखल में रहने वाली परवीन ने बताया कि वे हार सुधरवाने एक दुकान पहुंची थीं. बाटा शोरूम के सामने पर्स खोला तो उसमें रखा सोने का हार गायब मिला. पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. उधर, तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल में चोरी का मामला दर्ज हुआ है. कर्मचारी जितेंद्र जिनवाल निवासी राधिका सोसायटी ने पुलिस को बताया कि काउंटर की दराज में रखा मोबाइल फोन चोरी हो गया. फुटेज में एक युवक मोबाइल निकालते नजर आ रहा है.

## छाया घना कोहरा, विजिबिलिटी 100 मीटर

**श्योपुर, 21 दिसंबर.** शहर में आज रविवार को घना कोहरा छाया है. सुबह से ही सड़कों पर कोहरे की सफेद चादर बिछी होने के कारण दृश्यता काफी कम हो गई. कई स्थानों पर दृश्यता घटकर लगभग 100 मीटर रह गई, जिसके चलते वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से और अत्यधिक सावधानी के साथ चलना पड़ा. घने कोहरे के कारण सुबह बाजार और अन्य कामों के लिए निकले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों ने अतिरिक्त सतर्कता बरती. कोहरे और ठंडी हवाओं के चलते सड़कों पर वाहनों की आवाजाही सामान्य से कम रही, जिससे यातायात की रफ्तार भी प्रभावित हुई.

# नशे में हंगामा करने वाला ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**नीमच, 21 दिसंबर. शहर के फव्वारा चौक पर दो दिन पहले शराब के नशे में हंगामा करने वाले सिपाही दौलतराम को सस्पेंड कर दिया है. सिपाही ने सरेराह होटल वालों, लॉज के कर्मचारियों और ऑटो वालों के साथ बदतमीजी की थी.**

हंगामे के दौरान वहां मौजूद लोगों ने सिपाही की हरकतों का वीडियो बना लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर पोस्ट होने लगा. वीडियो में साफ दिख रहा था कि वर्दी की मर्यादा भूलकर सिपाही नशे में लोगों के साथ कैसा बर्ताव कर रहा था.

ट्रैफिक टीआई सोनू बडगुर्जर ने बताया कि सिपाही की ड्यूटी दोपहर 12 बजे खत्म हो गई थी, लेकिन वह डेढ़ बजे शराब के नशे में लोगों से झगड़ा करता पाया गया.

**एसपी बोले- अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं:** एसपी अंकित जायसवाल ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी. वर्दी पहनने का मतलब यह नहीं है कि कोई भी गलत व्यवहार या अनुशासन तोडने के लिए आजाद है. ड्यूटी के समय हो या उसके बाद, हर पुलिसकर्मी को जनता के साथ अच्छा बर्ताव करना ही होगा. उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोगों के साथ बदतमीजी करने वालों के खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### आयोजन | सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल बोले

# रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाना है



**रीवा, 21 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को विकास के शिखर पर पहुंचाना है और आने वाली पीढ़ी को ऐसा रीवा सौंपना है जहां अधोसंरचना विकास के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की उपलब्धता हो.**

उप मुख्यमंत्री सामाजिक सद्भाव मिलन एवं विन्ध्य नायक सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए. सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और जन सहयोग की भावना से समर्पित यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष और भी आकर्षक होता जा रहा है. उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक राजन वर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी लोगों के प्रति सद्भाव व विश्वसनीयता का ही परिणाम है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे जो ताकत मिली है उसका मैं पूरा सदुपयोग करते हुए सबकी आशाओं और अपेक्षाओं में खरा उतरने की कोशिश करता हूं.

उन्होंने कहा कि आगामी 25 दिसम्बर को अटल पार्क में गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा अटल जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा. इस ऐतिहासिक पल के सभी लोग साक्षी बनें और अटल जी के प्रति अपनी श्रद्धा को प्रकट करें. श्री शुक्ल ने कहा कि 22 दिसम्बर से रीवा-इंदौर की नियमित वायु सेवा आरंभ हो रही है जिससे रीवा के विकास को नए पंख लगेंगे और रीवा के लोग देश व विदेश की यात्रा रीवा से ही टिकट कराकर कर सकेंगे.

# ग्वालियर में भी खुलेगी एफएसएसएआई की लैब

### स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**ग्वालियर, 21 दिसंबर. स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, कुलिनरी कार्यशाला और किसानों के लिए ग्वालियर में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया.**

सांसद एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा रविवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में यह आयोजन हुआ. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि अन्य महानगरों की तरह ग्वालियर को भी फूड हब के रूप में विकसित किया जाये, जिससे यहां के लोगों को भी रोजगार के साथ-साथ स्वच्छ एंव शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सकें. उन्होंने कहा ग्वालियरवासियों को भी स्वच्छ एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो. इसके लिए ग्वालियर में भी भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की एक लैब खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ग्वालियर में यह लैब स्थापित होने पर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर पर प्रभावी अंकुश लगेगा. सांसद कुशवाह ने कहा कि स्ट्रीट फूड वेंडर्स सुलभ एवं किफायती भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अजीविका सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है.

## वाइन शॉप मैं हुई चोरी के आरोपियो को किया गिरफ्तार

**बुरहानपुर.** फरियादी बलभद्र पिता भगवान सिंह सेंगर द्वारा थाना हाजीर आकर रिपोर्ट की की में आलमगंज वाइन शॉप में सेल्समेन का कार्य करता हूं। वाइन शॉप में अज्ञात चोरों द्वारा कुछ शराब की बोतल एवं सीसीटीवी का क्टत् एवं गले में रखी चिल्लर कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुराकर ले गया जिसकी रिपोर्ट पर थाना गणपति नाका पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था. पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले के मार्गदर्शन में उद्घोषित आरोपियो एवं चोरी के प्रकरणो में फरार चल रहे आरोपियो की धर पकड़ करने हेतु टीम गठित की गई थी.